## संक्षिप्त

### सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

**करौली।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन प्रतिमाह की भांति इस माह चिकित्सा संस्थानो पर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की सलाह दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीणा ने बताया कि प्रत्येक माह 18,27 तारीख को चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के आयोजन में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के गुर बताते हुए पोषण के बारे में जानकारी दी जाती है । इस 18,27 तारीख को राजकीय अवकाश होने पर 10 तारीख को पीएमएसएमए दिवस के आयोजन पर गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी, सिफलिश आदि जांच कर पौष्टिक आहार लेने की सलाह प्रदान की जाएगी।

### भरतपुर में जनसुनवाई आज

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर में बिजली घर चौराहा स्थित भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के सब-डिविजनल कार्यालय बिजली घर पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के आलाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**करौली ।** कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि उदयचंद पुत्र घीस्या जाति मीना निवासी बालघाट व जिला करौली की 22 अगस्त 2025 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर मंडरायल के तहसीलदार की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राज्य आपदा मोचन निधि से राशि आर्थिक सहायता मृतक की पत्नी कमलेश देवी को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। सहायता राशि पाकर पीडित परिवार में खुशी हो गई।

### सौपा ज्ञापन

**करौली ।** करौली के गवर्नमेंट कॉलेज में पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक शिक्षक के रिक्त पदों को भरने की मांग तेज हो गई है। छात्रों को किताबें नहीं मिलने और खेल गतिविधियों में बाधा आने से लगातार परेशानी हो रही है। छात्र प्रतिनिधियों ने कॉलेज प्राचार्य और उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च शिक्षा मंत्री से इन पदों को भरने की अपील की है। छात्र नेता धर्म मीणा के नेतृत्व में छात्र राजन मीणा, काजल, प्रायांशी, शिवानी, आयुष, रोहित मीणा, पीयुष शर्मा, वासदेव कुषवाह, तरूण तिवाडी, देवेश मीणा, रीतेश,लव कुश सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय में पिछले कई वर्षों से लाइब्रेरी बंद पड़ी है, जिसका मुख्य कारण स्थायी पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त होना है। इसके चलते छात्रों को पाठ्यपुस्तकें और संदर्भ सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्र लंबे समय से लाइब्रेरी खुलवाने और स्थायी लाइब्रेरियन की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। इसी प्रकार कॉलेज में शारीरिक शिक्षक का पद भी वर्षों से खाली है। इस रिक्ति के कारण कॉलेज में खेलकूद, शारीरिक शिक्षा और अन्य खेल-गतिविधियों का सुचारू संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। छात्र प्रतिनिधियों का कहना है कि खेल सुविधाओं के अभाव में प्रतिभाशाली छात्र आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।


**बेदखली सूचना**

मैं पूरन शर्मा उम्र 45 जाति ब्राह्मण नि. वर्धमान नगर, हिण्डौनसिटी यह कि मेरी पुत्री खुशी उम्र 18 को रवि नामक युवक ने बहकाकर अपने चुंगल में फसा लिया है मेरी पुत्री गत 26.10.2025 को रात को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। जिस कारण मेरी पुत्री खुशी ने अपने मॉ-बाप से रिश्ता खत्म कर लिया और खुशी ने कहा कि मेरे मॉ-बाप मेरे लिए मर चुके हैं तथा मेरे मॉ-बाप, परिवार से आज के बाद मेरा कोई रिश्ता नही रहेगा। जिस कारण खुशी को मेरी समस्त सम्पत्ती से बेदखल करता हूं अगर कोई मेरी पुत्री खुशी से लेन-देन करता है और कोई गलत कार्य करती है तो हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी न ही किसी प्रकार का भविष्य में किसी भी सम्पत्ति पर कोई हक व अधिकार नही रहेगा। - ह. पूरनलाल शर्मा पुत्र रामधन शर्मा, हिण्डौन सिटी, थाना-नई मण्डी जि. करौली।

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धि पत्र संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांकः 11.11.2025
सिविल इन्जीनियरिंग

निम्न लिखित टेण्डर जो कि निविदा संख्या-डब्ल्यू/623/15 दिनांक - 06.11.2025 के द्वारा प्रकाशित किये गए थे, एवं जिन्हे दिनांक 21.11.2025 को खोला जाना था, इन्हे अब एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।:- टेंडर संख्याः 208/2025, कार्य का विवरणः कोटा-गंगापुर सेक्शन : बैंक प्रोटेक्शन इन बोथ साइड एप्रोचेज ऑफ ब्रिज न. 250 बिटविन लवान-लाखेरी स्टेशनस अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन-सवाई माधोपुर। (हस्ता)

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# एसआईआर से संबंधित कार्यों का फीडबैक लिया

- करौली के बूथ नंबर 138 पर बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा किये जा रहे परिगणना प्रपत्रों के वितरण एवं भरवाने के कार्यों का निरीक्षण किया।

**करौली ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में कार्य शुरू हो चुका है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र करौली के बूथ नंबर 138 पर बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा किये जा रहे परिगणना प्रपत्रों के वितरण एवं भरवाने के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाताओं को फार्म वितरण करते समय उनसे पासपोर्ट साईज का कलर फोटो एकत्रित करने हेतु मतदाताओं को अवगत करावें एवं मतदाता सूची 2002 के अनुसार परिगणना प्रपत्रों को भारत निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार सही व स्पष्ट भरवाकर उनके हस्ताक्षर करवाकर एकत्रित करने की कार्यवाही सम्पादित करवाई जावे। उन्होंने कहा कि परिगणना प्रपत्रों का भली-भांति सही व स्पष्ट प्रविष्टि को भरा जावे, जिससे प्रपत्र में किसी प्रकार की गलती नहीं होवे। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाताओं की वर्तमान जानकारी को वर्ष 2002 में तैयार हुई एसआईआर मतदाता सूची के साथ मैपिंग या लिंकेज स्थापित करना है जिन मतदाताओं की मैपिंग बीएलओ द्वारा कर दी जाएगी, उन्हें संपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। गणना चरण के दौरान भी किसी मतदाता से दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। जिले के सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे जब बीएलओ उनके घर आएं तो समय पर गणना प्रपत्र भरकर उन्हें दें। यह पहल न केवल निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगी, बल्कि लोकतंत्र में एक सजग नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर ईआरओ प्रेमराज मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा के लिए विशेष दिश निर्देश

**करौली ।** जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गृह विभाग, राजस्थान सरकार के आदेशानुसार जिला स्तर पर विभिन्न बिंदुओं पर सतत निगरानी एवं कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश दिये है कि 18 नवम्बर तक चल रहे अभियान के दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्र मेंयातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट या बड़े स्टिकर लगे वाहनों, तेज या नशे में ड्राइविंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाल वाहन संचालन के लिए निर्धारित एसओपी का पालन करते हुए सभी चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य और आंखो की दृष्टि सहित सभी आवश्यक सत्यापन अनिवार्य है।

## भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

**भरतपुर (निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विषदा में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनित शर्मा उपस्थित रहे, जिनका सम्मान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार तथा एस.एम.सी. अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के भामाशाह हेमंत यादव का सम्मान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा साफा बाँधकर किया गया। जिनके द्वारा विद्यालय के लिए ठीन मेट, चटाइ आदि उपलब्ध करवायी. तथा इनके द्वारा आगे भी हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया गया. अनित शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह समाज की प्रेरणा एवं विद्यालय विकास की रीढ़ हैं। उनके सहयोग से विद्यालयों में संसाधनों की कमी पूरी होती है । विद्यालय के अध्यापक सतेन्द्र यादव ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकताओं से अधिकारियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह गुलशन ने किया।

## सार-समाचार

### तंबाकू दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता

**करौली ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में तंबाक दुष्प्रभावों की जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक कर तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई और विद्यार्थियों द्वारा तंबाकू के विरुद्ध जन चेतना रैली निकाली जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने बताया कि कृष्ण शिक्षा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करौली और सपोटरा ब्लॉक के विद्यालयों में किया गया, जहां तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान और गैर धूम्रपान क्षेत्र के फ्लेक्स बैनर सहित जागरुकता परक पंपलेट का वितरण किया गया और विद्यार्थियों द्वारा जनचेतना रैली निकालकर तंबाकू छोड़ने का संदेश प्रसारित किया। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों 9 इंडिकेटर्स की पालना,स्व आंकलन प्रपत्र जारी करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टोबैको फ्री यूथ चैंपियन 3.0 के अंतर्गत इन कार्यक्रमों से तंबाकू सेवन कर्ताओं में कमी आएगी।

### विहिप की बैठक 16 को

**करौली ।** जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह, जिला संगठन मंत्री सौरभ शुक्ला तथा जिला मंत्री शंभू दयाल शर्मा की सहमति के अनुसार विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक16 नवंबर रविवार को अपराह्न 1:00 बजे से केशव विद्या मंदिर करौली रोड हिंडौन, में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि बैठक में संगठन की वार्षिक कार्य समीक्षा, खंड एवं प्रखंड इकाइयों की प्रगति रिपोर्ट, बजरंग दल,दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति कार्यकारिणी की समीक्षा की जाएगी। साथ ही परिषद के ठाामीण स्तर तक विस्तार, वार्षिक निधि संठाह तथा तात्कालिक संगठनात्मक मुद्दों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होगा।बैठक में बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति, खंड एवं प्रखंड के संयोजक,सहसंयोजक, सहित विश्व हिंदू परिषद के सभी जिला एवं प्रांतीय दायित्ववान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य समझी गई है। यह बैठक आगामी वर्ष की कार्ययोजना निर्धारण एवं संगठन के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि इस बैठक के माध्यम से संगठन अपने सांस्कृतिक, सामाजिक और सेवा कार्यों को और अधिक गति देने की रणनीति तय करेगा।

### डेपुटेशन निरस्त करने की मांग

**हिंडौन सिटी ।** राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई द्वारा शुक्रवार को विज्ञान संकाय में नियुक्त सहायक आचार्य के डेपुटेशन निरस्त करने की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बेरवा के नाम प्राचार्य डॉ. पप्पूराम कोली को ज्ञापन सौंपा गया। विभाग संयोजक योगेन्द्र डागुर ने बताया कि स्थानीय महाविद्यालय में नियुक्त प्राणीशास्त्र के सहायक आचार्य सुनील कुमार मीणा को अन्यत्र स्थान पर कार्यव्यवस्था हेतु भेज दिया गया है। जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। परिणामस्वरूप छात्रों के परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहे हैं तथा कई विद्यार्थियों को फेल और सप्लीमेंट्री का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर श्रृष्टि शर्मा, कशिश कुमारी, आशिक, सुलेखा, रेशमा, मोहिनी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### धर्मराज जांगिड सम्मानित

**हिंडौन सिटी।** मंडावरा निवासी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक धर्मराज जांगिड़ को विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट रजिस्टर्ड, दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान ट्रस्ट की ओर से हाल ही में कैमरी स्थित जगदीश धाम में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संरक्षक स्वर्गीय कांति प्रसाद टाइगर की स्मृति में किया गया था। ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रधान सुरेश चंद जांगिड़ टाइगर ने बताया कि शिक्षक धर्मराज जांगिड़ ने समर्पित भाव से ट्रस्ट की सदस्यता बढ़ाने के साथ-साथ मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर अधिकतम छात्रवृत्ति वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इसी योगदान को देखते हुए ट्रस्ट द्वारा उन्हें माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिकारी को जेसी भेजा

**हलैना भरतपुर (निस)।** उप वन संरक्षक मानस सिंह व नदबई रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार शर्मा एव तउनकी टीम ने एक नीलगाय का शिकार करने के आरोप में पकड़े आरोपी हलेना थाना क्षेत्र के गाँव बेरी निवासी प्रकाश पुत्र राजेन्द्र भील को वैर स्थित एडीजे संख्या प्रथम में पेश किया गया। जहां से एडीजे ने आरोपी प्रकाश को 26 नवंबर तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। रेंज कार्यालय हलैना रेंजर राजेश शर्मा ने बताया कि आरोपी को 12 नवंबर 2025 को नर नीलगाय शिकार के आरोप में पड़ा था और आरोपी से टोपीदार बंदूक बरामद की गई। आरोपी ने गांव बेरी के जंगल में नीलगाय का शिकार करना कबूला। आरोपी को 13नवंबर को वैर एडीजे कोर्ट में पेश किया गयाजहां से आरोपी 26नवंबर तक जेसी भेज दिया है आरोपी को कोर्ट से बयाना स्थित उप जेल पहुंचा दिया गया है।टीम में वन उप संरक्षक मानस सिंह ने टीम में रेंजर राजेश शर्मा,वनपाल नाका खेडली मोड के वनपाल रेणु बाला ,महावीर सिंह ,रिंकी सावरिया ,आकाश शर्मा, केशव सिंह, हुकम सिंह , हेमलता, वर्षा , धर्मयुग आदि शामिल थे।

# जटवाड़ा रोड से हटाए अतिक्रमण, नालियों की गहरी सफाई हुई

- नगर पालिका टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नालियों की गहरी सफाई करवाई, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या न हो और जल निकासी सुचारू बनी रहे।
- प्रशासन ने दुकानदारों और कस्बेवासियों से अपील की है कि जिन्होंने सड़क किनारे अस्थायी अतिक्रमण कर रखे हैं, वे स्वयं की इच्छा से उन्हें हटा लें। नहीं तो नगर पालिका प्रशासन अपने स्तर से हटाएंगा इसके अलावा अभियान के तहत भी कार्रवाई की जायेगी

**सूरौठ।** नगर पालिका सूरौठ की ओर से गुरुवार को अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार धाकड़ के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जटवाडा रोड क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। नगर पालिका टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नालियों की गहरी सफाई करवाई, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या न हो और जल निकासी सुचारू बनी रहे।

अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता राजीव धाकड़, वरिष्ठ सहायक अरिहंत जैन तथा सफाई प्रभारी खेमराज मीणा मौके पर मौजूद रहे और पूरे कार्य की निगरानी की। अधिकारियों ने बताया कि नगर क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अतिक्रमण न करें और साफ-सफाई बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि मुख्य मार्गों और नालियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है ताकि बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित सफाई से नगर का वातावरण न केवल स्वच्छ बल्कि स्वस्थ भी रहेगा। नगर पालिका प्रशासन ने दुकानदारों और कस्बेवासियों से अपील की है कि जिन्होंने सड़क किनारे अस्थायी अतिक्रमण कर रखे हैं, वे स्वयं की इच्छा से उन्हें हटा लें। अन्यथा चल रहे अभियान के तहत प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके साथ ही शुक्रवार को गंगापुर-भरतपुर मेगा हाईवे पर उदासी के बाग क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नालियों की विशेष सफाई की जाएगी।अधिकारियों का कहना कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखना हमारी प्राथमिकता है।

## करौली में 522 वहानों के खिलाफ कार्रवाई

**करौली।** राज्य भर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत करौली पुलिस प्रशासन ने जिले भर में अभियान चला कर बुधवार को 522 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने की कार्रवाई की गई। इस अभियान के राज्य भर में चलाये जाने से चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को पूरे जिले के थाना अधिकारी सहित 192 पुलिस कर्मी की 60 टीम द्वारा दो अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक और पांच पुलिस उपाधीक्षको के सुपरविजन में जिलेभर में नाकाबंदी कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई वहीं करीब 3500 वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इसी प्रकार यह अभियान आगे भी जारी हो सकता है।

## मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन आज

- जनजातीय गौरव वर्ष के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**भरतपुर (निस)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर तथा सवाईमाधोपुर द्वारा वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी महाराजा सूरजमल टीटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं सहित जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस और वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर युवाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने कहा कि वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी की सभी के साथ साझा भी करें। असिस्टेंट सुपरिडेंट बाबू लाल वर्मा ने डाक विभाग की योजनाएं जनकल्याण की योजनाएं, डाक विभाग के बैंकिंग सेक्टर, बचत योजनाओं व विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो कोटा के प्रेम सिंह यादव द्वारा केंद्र सरकार की डिजिटल प्रगति के 10 वर्ष, भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति आदि योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। महाराजा सूरजमल टीटी कॉलेज के डॉ. हरेंद्र कुमार शर्मा एवं राजकीय कृषि महाविद्यालय की प्राचार्य नीलम गोयल द्वारा द्वारा नई शिक्षा नीति, बालिका शिक्षा स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर जानकारी दी गई। 7 से 14 नवंबर तक मनाए जा रहे वन्देमातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव अभियान के तहत प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वन्देमातरम का एकल एवं सामुहिक गान भी किया।

## रथ यात्रा 16 को

**डीग भरतपुर (निस)।** जैन समाज डीग की ओर से जैन पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ससंघ को तीन दिवसीय चातुर्मास निष्ठापन विधान, रथ यात्रा, पिच्छिका परिवर्तन समारोह पर पुरानी सब्जी मंडी स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जैन समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैन के अनुसार 14 नवम्बर और 15 नवंबर को पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में को प्रातः 7 बजे अभिषेक, शान्ति धारा, देव आज्ञा, गुरू आज्ञा, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण नित्य नियम पूजा, श्री 1008 पार्श्वनाथ विधान प्रारम्भ होगा तथा सायं 5 बजे गुरू भक्ति, प्रश्न मंच, पुरूस्कार वितरण, आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री जी शोभायात्रा (रथ यात्रा) एवं पिच्छी-कमण्डल यात्रा निकाली जावेगी ,जो बैण्ड बाजों के साथ पुरानी सब्जी मंडी स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर से प्रारम्भ होकर लोहा मण्डी, गोवर्धन मोड़, पुराना बस स्टैण्ड, पुरानी अनाज मण्डी, लक्ष्मण मन्दिर से श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, जैन गली, पुरानी सब्जी मण्डी, डीग पर पहुँचेगी।

# मौसमी बीमारियों की स्थिति, संपर्क पोर्टल फाइल प्रणाली पर चर्चा

- साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न
- विकास कार्यों को तत्परता के साथ पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये

**करौली ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं सहित जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पानी, सड़क, बिजली की आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की स्थिति, संपर्क पोर्टल, ई-फाइल प्रणाली एवं अन्य विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही नियत समय में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विकास कार्यों को तत्परता के साथ पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये जिला कलेक्टर ने बताया कि संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

जिन अधिकारियों ने तय समयावधि में पोर्टल पर लॉगइन नहीं किया है, उन्हें तत्काल लॉग-इन करने के लिए कहा गया है।जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चौपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बैठक के दौरान कृषि, सड़क, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ठाामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सडक निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए जरूरी उपकरणों की कार्यशीलता एवं सुरक्षा को नियमित निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ. गंगासहाय मीणा, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

